DAYANAND ANGLO VEDIC PUBLIC SCHOOL , AIROLI
FIRST TERM (2024-25)
SAMPLE PAPER
SUB - HINDI

STD- X MARKS-80

सामान्य निर्देशः
1. इस प्रश्न-पत्र के चार खण्ड हैं।
2. खंड ' क ' में वस्तुपरक तथा लघुउत्तरीय प्रश्न है ।
3. खंड ' ख ' में अति लघुउत्तरीय प्रश्न है ।
4. खड़ ' ग ' में बहुविकल्पीय तथा वर्णनात्मक प्रश्न है ।
5. खड़ 'घ' लेखन कार्य पर आधारित है ।
6. यथासंभव सभी प्रश्नों के उत्तर क्रमानुसार लिखिए।

---

खण्ड- ' क ' ( अपठित बोध )

**प्रश्न 1. दिए गए गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढकर उस पर आधारित प्रश्नों के उतर लिखिए -**

अनेकता में एकता के गुण के कारण ही भारत विश्व में अपनी अलग पहचान बनाने में सफल रहा है तथा यही भारतीय संस्कृति की प्रमुख विशेषता है। यद्यपि ऊपरी तौर पर भारत के विभिन्न प्रदेशों में पर्याप्त भिन्नता दिखाई देती है, तथापि अपने आचार-विचारों की एकता के कारण यहाँ सदा सामाजिक संस्कृति का रूप देखने को मिलता है। अतः इसकी प्राचीनता, गतिशीलता, लचीलापन, ग्रहणशीलता, सामाजिक स्वरूप और अनेकता के भीतर मौजूद एकता ही इसकी प्रमुख विशेषता है। इस विशेषता के कारण ही भारतीय संस्कृति विश्व में अपना एक विशिष्ट स्थान रखती है। भारतीय संस्कृति का इतिहास बहुत प्राचीन है। वास्तव में, संस्कृति का निर्माण एक लंबी परंपरा के बाद होता है। संस्कृति वस्तुतः विचार और आचरण के वे नियम और मूल्य है, जिन्हें कोई समाज अपने अतीत से प्राप्त करता है। इसलिए कहा जा सकता है कि इसे हम अपने अतीत से विरासत के रूप में प्राप्त करते हैं। दूसरे शब्दों में कहें तो संस्कृति एक विशिष्ट जीवन-शैली का नाम है। यह एक सामाजिक विरासत है, जो परंपरा से चली आ रही है। प्रायः सभ्यता और संस्कृति को एक ही मान लिया जाता है, परंतु इसमें भेद है। सभ्यता में मनुष्य के जीवन का भौतिक पक्ष प्रधान होता है अर्थात् सभ्यता का अनुमान सुख-सुविधाओं से लगाया जा सकता है। इसके विपरीत संस्कृति में आचार और विचार पक्ष की प्रधानता होती है।

(1) भारत में सामाजिक संस्कृति का रूप किस कारण देखने को मिलता है? **1**

क) प्राचीन सभ्यता के कारण (ख) आचार-विचारों की एकता के कारण
(ग) भौतिक पक्ष के कारण (घ) सदाचार के कारण

(2) गद्यांश हमें संदेश देता है कि – **1**
(क) स्थिरता भारतीय संस्कृति की विशेषता है
(ख) सभ्यता और संस्कृत एक-दूसरे के पूरक है
(ग) सभ्यता और संस्कृति में कोई अंतर नहीं है
(घ) संस्कृति एक समान जीवन-शैली का नाम है

(3) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए। उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए- 1
कथन (A): भारतीय संस्कृति विश्व में अपना एक विशिष्ट स्थान रखती है।
कारण (R): 'अनेकता में एकता भारतीय संस्कृति की प्रमुख विशेषता है।
विकल्प
(क) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं
(ख) कथन (A) गलत है, लेकिन कारण (R) सही है
(ग) कथन (A) सही है, लेकिन कारण (R) उसकी गलत व्याख्या करता है
(घ) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है

(4) परंपरा से चली आ रही सामाजिक विरासत किसे कहा गया है ? **2**

(5 ) गद्यांश के आधार पर सभ्यता और संस्कृति में अंतर स्पष्ट कीजिए । **2**

**प्रश्न 2 दिए गए गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढकर उस पर आधारित प्रश्नों के उतर लिखिए -**

दुनिया में हर कोई अपने जीवन में सफल होने का प्रयास करता है। जीवन में सफल वही होता है, जो उपयुक्त चुनाव करना जानता है। चुनाव करने में तनिक भी भूल-चूक हुई, तो हानि सुनिश्चित होती है। किसी भी क्षेत्र में चुनाव करने से पूर्व अनेक चिंतन योग्य विषय होते हैं, जिनको नजरअंदाज करने से संपूर्ण चुनाव प्रक्रिया नष्ट व अर्थहीन हो जाती है, जिससे परिश्रम का कोई फल प्राप्त नहीं होता, हालाँकि कुछ चुनाव हमारे वश में नहीं होते, जैसे- माता-पिता का, जन्म-मृत्यु का आदि, किंतु कुछ चुनाव हमारे वश में होते हैं, जिन पर हमारी सफलता-असफलता निर्भर करती है; जैसे- अच्छी-बुरी संगति का चुनाव, आलस्य और परिश्रम का चुनाव आदि। संगति का चुनाव इन सब चुनावों में सर्वाधिक महत्वपूर्ण होता है, क्योंकि इस चुनाव पर हमारा आचरण, कर्म, विचार, भाषा, स्तर, मनुष्यता और हमारी सफलता असफलता निर्भर करती है। मनुष्य का चित्त बुराइयों और बुरे लोगों की ओर जल्दी आकृष्ट होता है। जिस तरह पानी सदा नीचे की ओर जाता है, उसी तरह मनुष्य का मन भी बुराइयों की ओर शीघ्र भागता है। जिस प्रकार ऊँचाई तक जाने में कष्ट उठाना पड़ता है, उसी प्रकार अच्छाई की ओर जाने में परिश्रम करना पड़ता है। हम विवेक से काम लेकर अच्छे और बुरे का चुनाव कर सकते हैं और इसी विवेक के आधार पर जीवन में सफलता पा सकते हैं।

(1) निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द गद्यांश में दिए गए 'आकृष्ट' का सही अर्थ है- 1
(क) अवनति (ख) आकर्षित
(ग) अन्वेषण (घ) अनुमोदन

(2) कुछ चुनाव हमारे वश में होते हैं, जिन पर हमारी सफलता असफलता निर्भर करती है। 1
पंक्ति के माध्यम से लेखक क्या प्रेरणा दे रहे है ?
(क) आलस्य के चुनाव की (ख) अच्छी संगति के चुनाव की
(ग) माता-पिता के चुनाव की (घ) जन्म-मृत्यु के चुनाव की

(3) निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए 1
(1) विवेक से काम लेकर अच्छे और बुरे का चुनाव किया जा सकता है
(2) मनुष्य का मन अच्छाइयों की ओर शीघ्र भागता है
(3) माता-पिता का चुनाव, जन्म-मृत्यु का चुनाव हमारे वश में नहीं होते हैं

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/है?

(क) केवल 1　　　　(ख) 1 और 2
(ग) 1 और 3　　　　(घ) केवल 3

4) कौन-कौन से चुनाव मनुष्य के वश में होते हैं ? 2

(5) संगति का चुनाव सब चुनावों में सर्वाधिक महत्वपूर्ण क्यों होता है ? 2

**खंड –** ख

**प्रश्न 3 निर्देशानुसार ' पदबंध ' पर आधारित प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए 1x4 = 4**

(1) तुम कितने घोंघा हो कि मुझे देखकर भी सबक नहीं लेते।' वाक्य में से सर्वनाम पदबंध छाँटकर लिखिए।

2) **'वहाँ जाते ही** मैं सब कुछ भूल जाता। रेखांकित अंश किस पदबंध का उदाहरण है ?

(3) अंडमान द्वीप समूह का **अंतिम दक्षिणी** द्वीप है लिटिल अंडमान। रेखांकित अंश किस पदबंध का उदाहरण है ?

(4) सामान्यतया वाक्य के अंत में कौन सा पदबंध होता है ?

(5) संज्ञा अथवा सर्वनाम की विशेषता किस पदबंध में बताई जाती है ?

**प्रश्न 4. निर्देशानुसार 'रचना के आधार पर वाक्य ' पर आधारित प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए - 1x4 = 4**

(1) मेरे दरजे में आओगे , तुम्हारे दाँतों पसीना आ जाएगा। इस वाक्य का मिश्र वाक्य में रूपांतरण कीजिए -

(2) 'एक जमाना था कि लोग आठवें दरजा पास करके नायब तहसीलदार हो जाते थे।' वाक्य का कौन सा भेद है ?

(3) वामीरो के रुदन स्वर को सुनकर उसकी माँ वहीं पहुँची और दोनों को देखकर आग बबूला हो उठी। वाक्य का कौन सा भेद है ?

(4) दोनों रोज उसी जगह पहुँचते और मूर्तिवत एक-दूसरे को निर्निमेष ताकते रहते। इस वाक्य का सरल वाक्य में रूपांतरण कीजिए -

(5) रचना केआधार पर वाक्य के कितने भेद हैं ? नाम लिखिए।

**प्रश्न 5 निर्देशानुसार समास पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए 1x4 = 4**

(1) 'सत्याग्रह' शब्द का समास विग्रह कर भेद लिखिए ।

(2)'महादेव' समस्तपद का विग्रह कर समास का नाम लिखिए ।

(3)यथा , आ, प्रति , सु जैसे शब्द किस समास में प्रयुक्त होते हैं ?

(4) लंबा है उदर जिसका अर्थात् गणेश -समास-विग्रह का समस्त पद बनाकर समास का नाम लिखिए ।

(5)भीमार्जुन, सुरासुर, हरिहर, शीतोष्ण आदि शब्दों में कौन-सा समास है ?

**प्रश्न 6. निर्देशानुसार मुहावरे पर आधारित प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए- 1x4 = 4**

(1) बड़े भाई ने छोटे भाई को ................ लिया। उपयुक्त मुहावरे से वाक्य पूरा कीजिए ।

(2) 'अंधे के हाथ बटेर लगना' मुहावरे का अर्थ क्या है **?**

(3) 'बाधा उत्पन्न करने के लिए' कौन-सा मुहावरा उपर्युक्त होगा **?**

(4) वामीरो से मिलने के बाद तताँरा --------------- बैठा। उपयुक्त मुहावरे से वाक्य पूरा कीजिए ।

(5) 'ज़मीन पर पाँव न पड़ना मुहावरे का अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए ।

## खंड - ग

**प्रश्न 7 निम्नलिखित पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही विकल्प चुनिए— 1x5 = 5**

'मनुष्य मात्र बंधु है' यही बड़ा विवेक है,
पुराणपुरुष स्वयंभू पिता प्रसिद्ध एक है।
फलानुसार कर्म के अवश्य बाह्य भेद हैं,
परंतु अंतरैक्य में प्रमाणभूत वेद हैं।
अनर्थ है कि बंधु ही न बंधु की व्यथा हरे,
वही मनुष्य है कि जो मनुष्य के लिए मरे ।।

(क) प्रस्तुत पद्यांश के माध्यम से कवि ने क्या संदेश दिया है?

(I) जीवन जीने का
(II) मृत्यु से न घबराने का
(III) एक-दूसरे का सहयोग करने का
(IV) निर्धन की सहायता करने का

(ख) पद्यांश के अनुसार, सबसे बड़ा अनर्थ क्या है?

(I) माता-पिता की सेवा न करना

(II) मनुष्य द्वारा दूसरे मनुष्य का दुःख दूर न किया जाना

(III भाई-भाई में सहानुभूति का अभाव

(IV) भाई का भाई से लगाव

(ग) पद्यांश के आधार पर बताइए कि सबसे बड़ा विवेक किसे माना गया है?

(I) परमात्मा के साक्षात् दर्शन करना

(II) ईश्वर के अस्तित्व को जानना

(III) संसार के रहस्य का ज्ञान होना

(IV) मनुष्य मात्र को भाई समझना

(घ) कर्म भिन्नता के कारण मनुष्य में कौन-सा अंतर दिखाई देता है?

(I) मात्र बाहरी अंतर

(II)मानव का विभिन्न देशों के कारण अंतर

(III) समानता का भाव

(IV) विभिन्नता की स्थिति

(ङ) निम्नलिखित वाक्यों को ध्यानपूर्वक पढ़िए

(1) संसार के सभी मनुष्यों को अपना बंधु मानना मनुष्य का विवेक है।

(2) वेदों के अनुसार सभी मनुष्यों का पिता एक है।

(3) अपने-अपने कर्मों के अनुसार फल मिलने के कारण सभी भिन्न-भिन्न हैं।

(4) मनुष्य की एकता के साक्षी पुराण हैं।

(5) दूसरों के लिए काम आने वाला ही सच्चा मनुष्य है।

पद्यांश से मेल खाते वाक्यों के लिए उचित विकल्प चुनिए।

(I) (i), (ii) और (iv)

(II) (ii), (iii) और (v)

(III) (ii), (iii) और (iv)

(IV) (i), (iii) और (v)

**प्रश्न 8 निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही तीन प्रश्नों का उत्तर 25-30 शब्दों में लिखिए— 2x3 = 6**

(क) निंदक को समीप रखने पर हम कैसे लाभान्वित होते हैं ?

(ख) कवि ने तालाब के जल का सौंदर्य वर्णन किस प्रकार किया है?

(ग) कबीर के अनुसार ईश्वर कण-कण में व्याप्त है, फिर भी हम उसे नहीं देख सकते हैं। इस कथन को उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए ।

(घ) मीराबाई ने हरि से स्वयं के दुख हरने का आग्रह क्यों किया है?

**प्रश्न 9 निम्नलिखित पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही विकल्प चुनिए— 1x5 = 5**

सदियों पूर्व जब लिटिल अंडमान और कार निकोबार आपस में जुड़े हुए थे, तब वहाँ एक सुंदर सा गाव था। उस पासा गांव में एक सुंदर और शक्तिशाली युवक रहा करता था। उसका नाम था तताँरा । निकोबारी उसे बेहद प्रेम करते थे। तताँरा एक नेक और मददगार व्यक्ति था। सदैव दूसरों की सहायता के लिए तत्पर रहता था। अपने गांव वालों को ही नहीं अपितु समूचे द्वीप वासियों की सेवा करना अपना परम कर्तव्य समझता था। उसके इस त्याग की वजह से वह चर्चित था। सभी उसका आदर करते। वक्त मुसीबत में उसे स्मरण करते और वह भागा- भागा वहाँ पहुँच जाता। दूसरे गांवों में भी पर्व त्योहारों के समय उसे विशेष रूप से आमंत्रित किया जाता। उसका व्यक्तित्व तो आकर्षक था ही , साथ ही आत्मीय स्वभाव की वजह से लोग उसके करीब रहना चाहते। पारंपरिक पोशाक के साथ वह अपनी; कमर में सदैव एक लकड़ी की तलवार बाँधे रहता। लोगों का मत था ,बावजूद लकड़ी की होने पर उस तलवार में अद्‌भुत दैवीय शक्ति थी। तातारा अपनी तलवार को अपने से कभी अलग न होने देता। उसका दूसरों के सामने उपयोग भी न करता। किंतु उसके चर्चित साहसिक कारनामों के कारण लोग-बाग तलवार में अद्‌भुत शक्ति का होना मानते थे तताँरा की तलवार एक विलक्षण रहस्य थी।

i) तताँरा की तलवार को लोग मानते थे कि वह-
क - बहुत शक्तिशाली है।
ख- अद्‌भुत दैवीय शक्ति भरी है।
ग - जादुई है।
घ- लोहे की बनी है।

ii) - तताँरा को पर्व त्यौहार में क्यों आमंत्रित किया जाता था?
क- शक्तिशाली होने के कारण।
ख- और गंभीर स्वभाव के कारण।
ग-स्वभाव और आकर्षक व्यक्तित्व के कारण।
ग- वह किसी अन्य को भीड़ का आकर्षण बनने से रोक देता था।

iii) - तताँरा अपना कर्तव्य समझता था-
क -द्वीप की रक्षा करने को।
ख- द्वीप वासियों की सेवा को।
ग - द्वीप में शांति स्थापना को।
घ- के न्यायपूर्वक परिणाम को

iv) तताँरा चर्चित था-

क- विकास के लिये।

ख- त्याग के लिए।

ग- शक्ति के लिए।

घ- शासन व्यवस्था के लिये।

v) - कथन(A) - तताँरा अंडमान निकोबार का एक शक्तिशाली युवक था। गांव के लोगों के अनुसार उसमें अद्भुत तेज तथा शक्ति थी।

कारण (R)- तताँरा एक नेक और मददगार व्यक्ति था। वह सदैव दूसरों की सहायता के लिए तत्पर रहता था।

क - कथन A तथा कारण R दोनों गलत है।

ख - कथन A सही है तथा कारण R गलत है।

ग - कथन A सही हैं तथा कारण R कथन A की सही व्याख्या करता है।

घ – कथन A सही हैं परन्तु कारण R कथन A की गलत व्याख्या करता है।

**प्रश्न 10 निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही 3 प्रश्नों का उत्तर 25-30 शब्दों में लिखिए -**

क**)** परंपराएँ अथवा रूढ़ियाँ जब बंधन लगने लगे तो उनका टूटना ही अच्छा है ।क्यों**?** 'तताँरा और वामीरो' लोककथा के आधार पर उत्तर दीजिए । 2**x**3 = 6

ख) 'महज़ इम्तिहान पास कर लेना कोई चीज़ नहीं है, असल चीज़ है बुद्धि का विकास।' इस कथन को स्पष्ट कीजिए ।

ग) सुभाष बाबू के जुलूस में स्त्री समाज की भूमिका क्या थी?

घ) बड़े भाई साहब की डांट फटकार अगर न मिलती तो क्या छोटा भाई कक्षा में अव्वल आता ? अपने विचार प्रकट कीजिए ।

**प्रश्न 11 निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर 50 से 60 शब्दों में दीजिए ।**

क ) हेडमास्टर शर्मा द्वारा पीटी सर को मुअत्तल कर देना कहाँ तक उचित है तर्क सहित स्पष्ट कीजिए । **3x2 = 6**

ख ) महंत द्वारा हरिहर काका का अपहरण महंत के चरित्र की किस सच्चाई को सामने लाता है? ठाकुरबारी जैसी संस्थाओं से कैसे बचा जा सकता है ?

ग ) आप हरिहर काका की दयनीय स्थिति का जिम्मेदार किसे मानते हैं और क्यों ?

## खंड - घ ( रचनात्मक लेखन )

प्रश्न 12 **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर संकेत बिंदुओं के आधार पर 120 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए -**

1) स्वास्थ्य का महत्व

- स्वास्थ्य का अर्थ
- स्वस्थ रहने की आवश्यकता
- अच्छे स्वास्थ्य के लिए क्या आवश्यक?
- मिलावटी खाद्य सामग्री का स्वास्थ्य पर कुप्रभाव

2. एकता की शक्ति

- एकता का अर्थ
- एकता की शक्ति का महत्व
- एकता की शमित के उदाहरण
- एकता के अभाव के दुष्परिणाम

3. भारत में गणतंत्र दिवस

- राष्ट्रीय पर्व : २६ जनवरी
- गणतंत्र दिवस का महत्व
- समारोह का आयोजन

उपसंहार

**प्रश्न 13 सांप्रदायिकता की समस्या पर अपने विचार प्रकट करते हुए हिंदुस्तान समाचार-पत्र के संपादक को लगभग 100 शब्दों में एक पत्र लिखिए।** **(5)**

अथवा

- **अपने घर में चोरी हो जाने की सूचना देते हुए पुलिस थाना अधिकारी को लगभग 100 शब्दों में एक पत्र लिखिए।**

**प्रश्न 14 आपके विद्यालय में गाँधी जयंती के अवसर पर वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है। इस संबंध में स्कूल कैप्टन की और से विद्यार्थियों को 60 शब्दों में सूचना लिखिए।** **( 5 )**

अथवा

**आपको पार्क में एक बैग मिला है, जिसमें कुछ रुपये तथा जरूरी कागजात हैं। इस संबंध में 60 शब्दों में एक सूचना लिखिए।**

**प्रश्न 15 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' विषय पर 40 शब्दों में विज्ञापन लिखिए। ( 4 )**

अथवा

**क्रिकेट खेल प्रतियोगिता हेतु 40 शब्दों में एक विज्ञापन लिखिए।**

**प्रश्न 16 'मजहब नहीं सिखाता आपस में बैर रखना' उक्ति को आधार बनाकर लगभग 100 शब्दों में एक लघु कथा लिखिए। ( 3 )**

अथवा

**सरस्वती विद्या मंदिर में योग शिक्षक के पद हेतु आवेदन करने के लिए लगभग 100 शब्दों में एक ई-मेल लिखिए।**

**( 5 )**

*******************************************************************************************************